(ख) इन केन्द्रों पर अनुमानतः कितनी राशि खर्च होगी ; और

(ग) इस योजना के कार्यान्वयन से कितने कर्मचारियों की छंटनी किए जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) और (ख) जानकारी संलग्न विवरण में दी गई है । (नीचे देखिये)

(ग) किसी कर्मचारी को परिवर्तन के कारण हटाए जाने का प्रस्ताव नहीं है ।

विवरण

मध्य प्रदेश में स्टेशनों की सूची	हजार रुपयों में
1. बेतूल (400)	60,01
2. दातिया (400)	63,63
3. धार (400)	62,46
4. खड़गांव (400)	62,46
5. मण्डला (400)	63,63
6. साजापुर (400)	63,63
7. टिकमगढ़ (400)	63,63
8. अमिलकापुर (600)	91,16
9. बालाघाट (600)	89,45
10. भिंड (600)	89,45
11. गुना (600)	92,34
12. शिवपुरी (600)	92,34
13. झबुआ (400)	63,63
14. सिधि (1200)	182,32
15. रीवा (400)	63,63
केन्द्रीयकृत अनुरक्षणा औजार, जांच और अतिरिक्त पुर्जे	12,20
योग	12,75,9700

केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए बच्चों को तैयारी कराने हेतु जमालपुर में स्कूल

218. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत जमालपुर (बिहार) में एक नया आदर्श विद्यालय खोलने का विचार रखती है, जिससे कि विद्यार्थियों को केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु तैयार किया जा सके ; और

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक खोले जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) और (ख) सरकार का वर्ष 1990 तक देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय खोलने का इरादा है । मुंगेर जिले के लिए, जिसमें जमालपुर स्थित है, शेखपुरा में पहले से ही एक नवोदय विद्यालय खोल दिया गया है । अतः मुंगेर जिले में दूसरा नवोदय विद्यालय खोला जा सकता । तथापि, ये विद्यालय छात्रों को केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए तैयार नहीं करते ।

Ticketless travelling in the railway trains

219. SHRI SHANTI TYAGI:
SHRI KALPNATH RAI:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that ticketless travelling in railway is on the increase;

(b) if so, what are the figures for the last two years; and

(c) what further steps Governments propose to introduce to check the rising trend?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.